प्रादेशिक समाचार

15.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य मंत्रिपरिषद ने शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए राज्यस्तरीय साइंस और टेक्नोलॉजी क्विज तथा रोबोटिक्स फेस्टिवल के आय़ोजन सहित 53 प्रस्तावों को दी मंजूरी।

2. राज्यभर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं का उत्साह चरम पर, जमशेदपुर में हुआ महिला सम्मेलन, प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जताया आभार।

3. सीबीएसई ने 2026 की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के घोषित किए परिणाम, बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइटों पर रिजल्ट देख सकते हैं परीक्षार्थी।

4. पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक जवान के घायल होने तथा कई नक्सलियों के हताहत होने की सूचना, पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी।

5. राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन करने वाले पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों को किया सम्मानित, कहा– इस खेल को मान्यता दिलाने का होगा पूरा प्रयास।

****

राज्य सरकार ने विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पर आधारित राज्यस्तरीय साइंस और टेक्नोलॉजी क्विज आय़ोजन करने का निर्णय लिया है। वहीं, उच्च तथा तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए रोबोटिक्स फेस्टिवल का आय़ोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 53 प्रस्तावोंको मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग की अपर मुख्य सचिव वंदना दादेल ने मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

****

जमशेदपुर में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। भाजपा जमशेदपुर महानगर महिला मोर्चा की ओर से आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। वहीं विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

साउंड बाइट – पूर्णिमा साहू ऑन नारी शक्ति वंदन – 20 सेकेंड

पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों को समझें और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

****

धनबाद जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026 की कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों cbse.gov-in, results.cbse.nic.in और cbseresults.nic.in पर देख सकते हैं। आधिकारिक पोर्टलों के अलावा, परिणाम डिजिलॉकर और उमंग ऐप जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं।

****

राज्य वित्त विभाग और इंडियन बैंक के बीच राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन खाता पैकेज तथा एनएचएम कर्मियों के एचआरआईएस को लेकर आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

****

गढ़वा जिले में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण मिटाने तथा पोषण के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच आज मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान के घायल होने तथा कई नक्सलियों के हताहत होने की सूचना है। पुलिस मुख्यालय ने बताया कि सुरक्षा बलों के सर्च ऑपरेशन के दौरान करोड़ों रुपए के ईनामी नक्सली मिसिर बेसरा के दस्ते द्वारा फायरिंग किए जाने पर जवानों ने मोर्चा संभालते हुए लगातार जवाबी कार्रवाई की। इधर, सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन जारी रखी है।

****

रांची पुलिस ने लालपुर इलाके में एक मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें एक पीड़िता की सहेली भी शामिल है, वहीं चौथे आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी है। इससे पहले मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

इधर भाजपा ने इस मामले में आऱोपियों के खिलाफ सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की है। उन्होंने पीड़िता को तत्काल आर्थिक सहायता देने की भी मांग सरकार से की।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने गुजरात के आनंद में आयोजित सब जूनियर और जूनियर नेशनल पेंचाक सिलाट चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें इस खेल को राज्य में मान्यता दिलाने का भरोसा दिलाया। खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धियों और अनुभवों को राज्यपाल के साथ साझा किया।

*******समाप्त*******